राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

निगरानी प्रकरण कमांक : 1354/III/14 जिला रीवा

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों के हस्ताक्षर
5.5.14	यह निगरानी तहसीलदार त्योंथर जिला रीवा व्दारा प्रकरण कमांक 24/ए-70/13-14 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 21.4.14 के विरूद्व म0प्र0भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 50 के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है। 2/ आवेदक के अभिभाषक के प्रारंभिक तर्क सुने तथा प्रस्तुत अभिलेख का अवलोकन किया गया। 3/ आवेदक के अभिभाषक के प्रारंभिक तर्को पर विचार करने एंव तहसीलदार त्योंथर जिला रीवा के प्रकरण कमांक 24/ए-70/13-14 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 21.4.14 के अवलोकन पर स्थिति यह है कि अनावेदक कमांक एक ने अनावेदक कमांक दो व तीन के विरूद्व तहसील न्यायालय में संहिता की धारा 250 के अंतर्गत आवेदन दिया, जिस पर सुनवाई हेतु प्रकरण कमांक 24/ए-70/13-14 पंजीबद्व हुआ। तहसीलदार के समक्ष सुनवाई के दौरान आवेदक व्दारा व्यवहार प्रकिया संहिता आदेश 1 नियम 10 का आवेदन देकर पक्षकार बनाये जाने का निवेदन किया, जिसे तहसीलदार ने अंतरिम आदेश दिनांक 21-4-14 से निरस्त कर दिया। विचार योग्य बिन्दु यह है कि क्या आवेदक के हित तहसील न्यायालय में प्रचलित प्रकरण कमांक 24/ए-70/13-14 से जुड़े है एंव वह हितबद्व पक्षकार है ? आवेदक की ओर से व्यवहार वाद कमांक 19 ए 98 में हुये आदेश दिनांक 7 फरवरी 2001 एंव व्यवहार	6-5-14